## खबर संक्षेप

### साध्वी प्रतिमा बहन के सानिध्य में तुलसी पूजन



**छिंदवाड़ा।** केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की मंशानुसार कैदियों के जीवन उत्थान हेतु देशभर की जेलों में योगासन , प्रणायाम ,ध्यान, सत्संग नशे से सावधान ,आदि कार्यक्रम सम्पन्न हो रहें हैं ।इसी कड़ी में परम पूज्य संत श्री आशारामजी बापू की कृपा पात्र शिष्या साध्वी प्रतिमा बहन का सत्संग सम्पन्न हुआ जिसमें साध्वी बहन ने पूज्य बापूजी द्वारा प्रेरित ₹ तुलसी पूजन विश्व व्यापी अभियान ₹ अंतर्गत कैदियों को तुलसी पौधा के महत्व से अवगत करवा कर तुलसी पूजन करवाया । साध्वी बहन ने बताया कि तुलसी पौधे का आध्यात्मिक , धार्मिक एवं वैज्ञानिक महत्व है । इस दैवीय कार्य में साध्वी रेखा बहन , चेतना बहन , गीता बहन ,खजरी आश्रम के संचालक जयराम भाई , समिति के अध्यक्ष मदनमोहन परसाई , गुरुकुल की संचालिका दर्शना खट्टर , युवा सेवा संघ के अध्यक्ष दीपक डोईफोड़े , धनाराम सनोडिया , सुजीत सूर्यवंशी , लायन्स क्लब के पूरनलाल राजलानी , कन्हैया लाल साहू ,अरुण अग्रवाल ,घनश्याम गोधवानी , अश्विन पटेल ने अपनी अपनी सेवाएं दी ।

### श्रीमती सरोज जैन का हुआ देह परिवर्तन

**छिंदवाड़ा।** जिनशासन सेवक स्मृतिशेष पंडित डॉक्टर उत्तमचंद जैन की धर्म पत्नी एवं जैन समाज के युवा विद्वान डॉक्टर विवेक जैन, श्रद्धा जैन, भावना जैन की पूज्य माताजी श्रीमती सरोज जैन का 75 वर्ष की उम्र में शनिवार दोपहर 12.30 बजे शांत परिणामों के साथ देहपरिवर्तन हो गया। जिन्हें दोपहर 3 बजे उनके निज निवास मंगलम मिडिया पहाड़े मेडिकल के बाजू से परिवारजनों सहित सकल जैन समाज के साथ श्री दिगंबर जैन मुमुक्षु मंडल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन द्वारा अंतिम विदाई देकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### डस्टर कार से कर रहे थे परिवहन, पुलिस ने किया मामला दर्ज

# शिवपुरी पुलिस ने पकड़े दो कछुए, तीन आरोपी गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया



शिवपुरी पुलिस ने बीते शुक्रवार रात को दो कछुओं को डस्टर कार में से बरामद किया। इस मामले से जुड़े लोगों के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है। जिसमे तीन लोग शामिल है । दो पुलिस हिरासत में हैं । एक फरार बताया जा रहा है । तीनों आरोपी सिवनी जिले के छपारा के रहने वाले हैं ।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 15 दिसंबर को शुक्रवार रात करीब 9 जब वे गश्ती पर थे तब हरनभटा तिराहे के से एक ग्रे रंग की डस्टर कार क्रमांक एम् एच 03 बी सी 3549 जिसमें ब्लैक फिल्म लगी थी को रोका थो कार चालक कार तेजी से भगाने लगा । जिसे घेरा बंदी कर पकड़ने के बाद तलाशी लेने पर कार में आरोपी 45 वर्षीय प्रभुदयाल सरेयाम पिता अषाडु चनैनी छपारा जिला सिवनी निवासी के पास 3 - 3 किलो वाले दो कछुए जिनकी कीमत 14 हजार रूपए बताई जा रही है मिले। पुलिस ने इन्हे जब्त कर लिया और उक्त आरोपी , कार चालक 32 उमर फारूख पिता कदीर शाह निवासी छपारा को हिरासत में लिया एक अन्य आरोपी छपारा निवासी श्यामलाल परते जो फरार हो गया बताया जा रहा है के खिलाफ धारा 48 और 51 वन्य प्राणी संरक्षण के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### ग्राम करापाठा, थाना हर्रई का मामला

## हत्या के आरोपी को आजीवन सश्रम कारावास एवं जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिंगोड़ी

अपर सत्र न्यायालय अमरवाड़ा के अतिरिक्त अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमान संदीप कुमार पाटिल द्वारा गत दिनांक थाना हर्रई के अपराध क्रमांक 297/2020, सत्र प्रकरण क्रमांक 22/2020, दफा 302 भादवि अंतर्गत ग्राम कारापाठा, थाना हर्रई निवासी रूसमान पिता झरीबा सिरसाम उम्र 43 साल को आजीवन सश्रम कारावास एवं जुर्माने से दंडित किया गया है।

प्रकरण मे सरकार एवं मृतक की ओर से पैरवी कर रहे अपर लोक अभियोजक अखिल सोनी द्वारा घटना के सम्बंध में बताया गया कि दिनांक 1/10/2020 को प्रार्थी ने थाना हर्रई में रिपोर्ट लेख कराया था कि दिनांक 30/09/2020 को मैं घर पर था,अभियुक्त रूसमान शाम करीब 6:00 बजे मेरे घर आया और मुझे बोला कि आज 4:00 बजे मैं और सोम जी मेरे घर पर साथ बैठकर शराब पी रहे थे, शराब पीने के बाद मृतक सोम जी मुझे शराब के नशे में मां बहन की गंदी-गंदी गाली दे रहा था, इसलिए मैंने सोमजी को मारा हूं और सोम जी मेरे घर में पड़ा है यह सुनकर प्रार्थी तुरंत अभियुक्त के घर पहुंचा जहां छपरी में सोमजी अत्यंत घायल अवस्था में खून से लतपथ पड़ा हुआ था। जिसे एंबुलेंस में लेटा कर हर्रई अस्पताल ले जाया जा रहा था, गंभीर अवस्था होने के कारण शासकीय अस्पताल हर्रई से नरसिंहपुर रेफर किया गया था जहां जाते वक्त सोम जी मृत हो गया था।पुलिस थाना हर्रई द्वारा अभियुक्त रूसमान के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण की विवेचना प्रारंभ की गई, प्रार्थी एवं अन्य चक्षुदर्शी साक्षी के बयान दर्ज किए गए उपरोक्त अपराध में जप्ती की गई एवं आवश्यक कार्रवाई व साक्ष्य एकत्र कर अपराध की विवेचना पूर्ण कर आरोपी रूसमान के विरुद्ध अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया । माननीय न्यायालय के समक्ष अपर लोक अभियोजक अखिल सोनी द्वारा प्रकरण में 17 साक्षियों को परीक्षित कराया गया। बचाव पक्ष द्वारा एक साक्षी, आरोपी की पत्नी को न्यायालय में परीक्षीत कराया गया। अपर लोक अभियोजक अखिल सोनी द्वारा गवाहो के बयान, एफ.एस.एल रिपोर्ट, न्यायिक निर्णयों एवं न्यायिक तर्क के आधार पर अपराध को अभियुक्त रूसमान के विरुद्ध न्यायालय के समक्ष साबित किया गया। न्यायालय द्वारा अभियुक्त रूसमान को धारा 302 भादवि के अधीन दोष सिद्ध पाते हुए आजीवन सश्रम कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया गया।उक्त प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक अखिल सोनी द्वारा एवं प्रकरण की विवेचना तत्कालीन थाना प्रभारी हर्रई कौशल सूर्या द्वारा की गई।

## पूर्व सैनिकों ने मनाया विजय दिवस, 1971 में आज के दिन मिली थी विजय



हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा

नगर में आज पहली बार पूर्व सैनिकों द्वारा सन 1971 में भारत पाक युद्ध में मिली विजय और बांग्लादेश के निर्माण को लेकर बडे हर्ष के साथ विजय दिवस मनाया गया। यहां जयस्तंभ चौक पर पर्वू सैनिकों ने एकत्र होकर 1971 के भारत पाक युद्ध में शहीद हुए सैनिकों को पुष्प चक्र (रीथ) अर्पित कर स्मरण करते हुए दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इंडियन वेटरन्स आर्गेनाइजेशन छिंदवाडा जिला अध्यक्ष कुबेर सिंह सिगोतिया, जिला महासचिव प्रदीप कलसकर, आशीष ठाकरे, अरूण धुर्वे, रत्नाकर अंबडकर, रमेश गौतम, नरेंद्र बारंगे, फूल सिंह इवनाती, शिव कुमार बोबडे, पीएल कोरडे, सचिन बालपांडे एवं अन्य वेटरन सैनिक उपस्थित रहे।

गौरतलब है कि आई.व्ही.ओ. आर्गेनाइजेशन के विस्तार को लेकर भी पांढुर्ना जिला के निवासी वरिष्ठ पूर्व सैनिक वेटरन सुधाकर निनावे से चर्चा यहां जिला स्तरीय संगठन का गठन किए जाने हेतु चिंतन किया गया। पांढुर्ना जिले में देश सेवा एवं समाज सेवा के कार्यक्रम उचित समय पर किए जा सके ताकि स्थानीय लोगों को पूर्व सैनिकों की देशभक्ति एवं वीरता की याद दिलायी जा सके।

### उमाशंकर गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में होगा सम्मान समारोह

**छिन्दवाड़ा।** वैश्य महासम्मेलन छिंदवाड़ा संभाग की संभागीय बैठक प्रातः 10 बजे से एवं आजीवन सदस्यों का वार्षिक सम्मेलन आज दोपहर 2 बजे वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष श्री उमाशंकर गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में एव श्री विजय झांझरी की अध्यक्षता एव संभागीय अध्यक्ष श्री मनीष अग्रवाल की विशेष उपस्थिति में होटल जेपी इन में आयोजित किया गया है। वैश्य महासम्मेलन के मीडिया प्रभारी विक्रम सोनी ने बताया कि संभागीय बैठक में जिला एवं तहसील पदाधिकारी एवं आजीवन सदस्यो के वार्षिक जिला सम्मेलन में जिले के सभी आजीवन सदस्य शामिल होंगे। वैश्य महासम्मेलन के आजीवन सदस्यों के वार्षिक सम्मेलन में इस वर्ष सामाजिक कार्यकर्ता एव वरिष्ठ पत्रकार श्री गोविंद चौरसिया को वैश्य विभूति सम्मान से सम्मानित किया जावेगा साथ ही साथ श्रीमति किरण सोनी को वैश्य रत्न से, डॉ. महेश चांडक को वैश्य गौरव सम्मान से, शुभम साहू को वैश्य युवा प्रतिभा सम्मान से, डॉ पवन नेमा को वैश्य संजीवनी सम्मान से तथा दयानंद चौरसिया को वैश्य सेवा सम्मान से एवं प्रतिभावान छात्रों को वैश्य प्रतिभा सम्मान से जिसमे कु. मौली अनिल नेमा, कुशल ऋषभ दूगड़, अभय प्रफुल्ल राठी, कु. छबि मनोज जैन कु. हर्षिता विकास अग्रवाल, कु. पीहू यशवंतसिंह कौरव, डॉ. संयुक्ता नरेश कुमार सोनी, कु. जान्हवी संजय नत्थानी, अथर्व दीपक साहू, देवाशीष संदीप साहू, कु. आयुषी शैलेन्द्र जैन, कु. खुशी शैलेष जाखोटिया को सम्मानित किया जावेगा।

### आज होगा राम-जानकी विवाह, निकलेगी बारात

**पांढुर्ना :-** नगर में गुजरी बाजार स्थित श्रीराम मंदिर में कल रविवार को विवहा पंचमी के अवसर पर श्रीराम जानकी विवाहोत्सव संपन्न होगा। ज्ञात हो कि पिछल 46 वर्षों से शहर के विभिन्न मंदिरों से भगवान श्रीरामचंद्र की बाराज निकाली जाती है। इस बार हनुमंती वार्ड के नागद्वार मंदिर गुजरी चौक से शाम 5 बजे भव्य बारात निकलेगी।

## 3.5 लाख की लागत से बनेगी सड़क



**पांढुर्ना :** आज ग्रामपंचायत परसोडी में जनपद सदस्य निधि से 3.5 लाख रू. की लागत से बनने वाले 110 मीटर सीसी रोड का भूमिपूजन संपन्न हुआ। गौरतलब है कि ग्रामीणजन बीते अनेक बरसों से सीसी सडक की मांग कर रही थी। इस दौरान जनपद सदस्य गणपति भाऊ डोइजोड, सरपंच राहुल इवनाती, भंदारगोंदी उपसरपंच भूषण बेलखडे, विलास ठाकरे, सुधाकर आखरे, सुनील बेलखडे, तवलास ठाकरे, सुधाकर आखरे, सुनील बेलखडे, संदीप रेवतकर, प्रफुल रेवतकर, आशीष आसरे, गणपत रेवतकर, रमेश तलमले, सचिव हंसराज बोबडे एवं अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## खलील अंसारी उमराह जियारत के लिए हुए मक्का मदीना रवाना



**सिंगोड़ी:** सिंगोड़ी से वरिष्ठ नागरिक जनाब खलील अंसारी उमराह जियारत के लिए मक्का मदीना रवाना हुए। गौरतलब है कि जो हज को किन्ही कारणों से नहीं जा सकते वे उमराह करते है, उमराह में भी वे सभी धार्मिक रीतिरिवाज को फॉलो करना पड़ता जो हज के दौरान किया जाता है। इसी क्रम में सिंगोड़ी से खलील अंसारी मक्का मदीना की जियारत के लिए रवाना हुए, रवाना होने से पहले सिंगोड़ी अंजुमन सदर इलमान मिस्किनी ने फूल मालाओं से इनका स्वागत किया तथा जामा मस्जिद के नायप पेश इमाम मोहम्मद इदरीश , मोहम्मद गुलाम और समाज के वरिष्ठो ने भी इस्तकबाल किया। इस दौरान ग्राम के इरसाद अंसारी जमील अंसारी,गुड्डू अंसारी,हाजी अब्दुल सत्तार,अकरम ठेकेदार मंजूर पटेल रफीक बाबा अलीम भाई सकीर भाई मुर्तुजा भाई हपीज टेलर साहब हाजी समीउल्लाह भाई सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

## पुलिस ने 8 मवेशियों से भरा पिकअप और दोपहिया वाहन पकड़ा, एक गाय मृत



हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया

गौवंश तस्करी थम नही रही है तामिया पुलिस ने पातालकोट के हर्राकछार ग्राम से 8 मवेशी से भरा पिकअप वाहन और एक बिना नंबर की मोटर सायकिल जब्त की है। तामिया पुलिस थाने के सहायक उपनिरीक्षक शेख आजाद ने बताया कि कल रात्री में गौवंश संबंधी जानकारी मिली तस्दीक करने पर पातालकोट कें हर्राकछार ग्राम ले मादलढाना में वाहन टाटा पिकअप क्रमांक एमएच 28 एबी 0982 में 7 नाग गाय 1 बछड़ा पाया गया जिसमें एक गाय मृत पाई गई। मौके पर पुलिस को वाहन को निकालने निगरानी करने वाली बिना नंबर की नई मोटरसायकिल मिली है। वहीं वाहन चालक अन्य आरोपी मौके से फरार हो गए।तामिया पुलिस से गायों का उपचार कराया पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रियंका मर्सकोले ने सभी गाय और बछड़े का उपचार किया वही मृत गाय का पीएम किया। चारा पानी उपचार के बाद मवेशियों को दौरियाखेड़ा गौशाला भेजा गया है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियो पर गौवंश अधिनियम,मोटर व्हीकल एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया है।

## चौरई कांग्रेस में हुआ बगावती विस्फोट

### दर्जनों पदाधिकारियों ने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को भेजा सामूहिक इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



जिले की सातों सीटों पर कांग्रेस का कब्जा होने के बाद भी कांग्रेसी नेता निराशा से उबर नहीं पा रहे है क्योंकि प्रदेश में शर्मनाक हार से पदाधिकारियों का पार्टी से मोह भंग होता नजर आ रहा है। शिकवे शिकायत का दौर निरंतर चल रहा है। डूबती नैया की सवारी करना अब लोगों को नागवार गुजर रहा है। यही कारण है कि चौरई के कांग्रेसी संगठन में बगावती विस्फोट हुआ है और दर्जनों कांग्रेसी अनुशांसिक संगठन के नेताओं ने अपना इस्तीफा पूर्व पीसीसी चीफ कमलनाथ और जिला कांग्रेस अध्यक्ष को भेजा है।

विधानसभा चुनाव के परिणाम के बाद से ही चौरई कांग्रेस संगठन में एक दूसरे के खिलाफ शिकवा शिकायत का दौर चल रहा था। जिले की सातो विधानसभा में जीत मिलने के बाद भी कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ताओ पर अविश्वास जताया गया। इस बात से नाराज होकर शनिवार को ब्लॉक कांग्रेस चौरई के दो दर्जन से ज्यादा पदधारियों ने एक साथ जिला कांग्रेस अध्यक्ष को त्यागपत्र सौपा है ।

इस्तीफा की पेशकश करने वालों में तत्कालीन विधानसभा प्रभारी प्रीतम पटेल अमरवाड़ा प्रभारी बैजुलाल वर्मा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष हरिश्चंद्र पटेल, क्षेत्रीय अध्यक्ष ईश्वर सिंह ,रति वर्मा,परसराम वर्मा,नवीन चौधरी, आशीष वर्मा , बसंत माहौरे,रहेश पटेल, सुंदर पटेल ब्लाक युवक कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकांत साहू जिला महामंत्री देवेंद्र वर्मा सात प्रकोष्ठ के ब्लाक अध्यक्ष सहित दर्जनों पदाधिकारियो ने त्यागपत्र दिया है ।

राजनीति की जानकारी इस घटना को कल जारी हुई पदाधिकारी की नई सूची से जोड़कर देख रहे हैं वही इस संबंध में जिला कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओकट का कहना है कि आज मेरी सभी से बात हुई है और आपस में सामंजस बन गया है इस्तीफा जैसी कोई बात नहीं हैअब देखना यह है कि शीर्ष नेतृत्व इस पर आगे क्या एक्सन लेता है।

## ज्ञानयज्ञ का कलश यात्रा से हुआ शुभारंभ

### 22 दिसंबर तक चलेगा आयोजन, बड़ी संख्या में भक्तों ने लिया भाग



हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया

श्रीमद भागवत गीता आध्यात्मिक ज्ञानयज्ञ प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्व विधालय की राजयोगिनी तपस्विनी ब्रम्हाकुमारी वर्षा दीदी जी जबलपुर के सानिध्य में आयोजन स्थल खेड़ापति माता मंदिर के पीछे से भव्य कलशयात्रा नगर भ्रमण के लिए निकली। नगर भ्रमण के बाद यात्रा आयोजन स्थल पहुंची। कलशयात्रा में समस्त माता बहनों बच्चों नागरिकों ने भाग लिया। कलशयात्रा खेडापति माता मंदिर से ग्राम पंचायत तिराहा बस स्टेंड पावर हाउस कालोनी पहुंची। श्रीमद् भागवत गीता आध्यात्मिक ज्ञान यज्ञ आगामी 16 दिसंबर शनिवार से 22 दिसंबर तक चलेगा। गीता ज्ञान प्रवचन प्रतिदिन दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक,म्युजिकल एक्सरसाईज प्रतिदिन- सुबह 7:30 से 8:30 तक,खुशनुमा एवं नशा व तनाव मुक्त जीवन शैली शिविर प्रतिदिन - सुबह 8:30 से 9:30 तक, शाम 6 से 7 तक स्थान माता मंदिर के पीछे बस स्टैण्ड तामिया में आयोजक प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, तामिया छिन्दवाड़ा द्वारा आयोजित है। कलश यात्रा में नीलू बहन समस्त भाई दीदीया राजू साहू, टीकाराम साहू,महेश सूर्या, लेखराम नंदवंशी पटवारी,कमलेश साहू,अशोक सोनी, बल्लू सोनी,भगवत पटेल, कुरेश डेहरिया,भागचंद साहू, इंद्रकुमार बतरा, गेंदालाल साहू,भैयालाल साहू,सुंदरलाल साहू,मनमोहन साहू,बाबा ठाकुर, गोपाल साहू,हरभजन साहू, सहित समस्त आमजन शामिल हुए।

### पार्षद ने वितरित की ट्राईसाइकिल



**जुन्नारदेव ।** नगर पालिका परिषद के वार्ड क्रमांक 11 पार्षद अपील समिति सदस्य संजय जैन द्वारा द्वारा वार्ड क्रमांक 11 निवासी दिव्यांग व्यक्ति हेमंत को एक नवीन ट्राई साइकिल भेंट की गई। गौरतलब हो कि दिव्यांग व्यक्ति द्वारा वार्ड पार्षद से ट्राई साइकिल की मांग की गई थी, इसके बाद पार्षद द्वारा तत्काल सहृदयता दिखाते हुए जरूरतमंद व्यक्ति की सहायता की गई। ट्राईसाईकिल प्रदाय करने के दौरान हम फाउंडेशन भारत शाखा के अध्यक्ष राहुल अमूले, पूर्व मंडल अध्यक्ष विष्णु प्रसाद शर्मा, नगर पालिका परिषद के सभापति राजेंद्र सूर्यवंशी, भाजपा नेता अशोक सोनी सहित वार्ड के अन्य लोग उपस्थित थे।

### ग्रामीण सहित यात्री खुले में शौच करने को मजबूर, जवाबदार मौन

## मछली बाजार का सार्वजनिक शौचालय बना शोपीस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिंगोड़ी



सिंगोड़ी बस स्टैंड के समीप मछली बाजार में बना शौचालय शोभा की सुपारी बना हुआ है, जबसे ये बना है इसका नियमित उपयोग अब तक नहीं हो पाया और यहा के एकमात्र शौचालय में हमेशा ताला लगा रहता है जबकि ग्रामीण शौच किर्या के लिए खुली जगह का इस्तेमाल करते है जिससे लोगो की मर्यादा भी लज्जित होती है।

सबसे ज्यादा यात्री और बाहर से आये लोगो को परेसानी उठानी पड़ती ऐसे में महिलाओं को सबसे ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ता है।ऐसा नहीं की इन परेशानियों से कोई जबाबदार वाकिफ नहीं है मगर इनकी लाफरवाही इतनी ज्यादा बढ़ गई है की शासन प्रशासन की योजनाओं को भी लोगो के लिए फायदेमंद नहीं होने दिया जा रहा है। इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि करीब चार सालों से यहां पर शौचालय बना हुआ है इसका इस्तेमाल अभी तक किसी ने नहीं किया स्थानीय व्यापारियों ने भी कहा कि कई बार स्थानीय पंचायत को अवगत कराया गया परंतु वह भी ध्यान नहीं दिए। ग्रामीणों ने बताया कि सिंगोड़ी में बैंक स्कूल अस्पताल बिजली विभाग वन विभाग पुलिस चौकी सहित दर्जनों शासकीय कार्यालय होने के कारण आसपास के चालीस से पचास गांवो के ग्रामीण यहा रोज किसी न किसी काम से आते है जिन्हें शौच क्रिया के लिए कही भी जगह नहीं मिलती। ऐसे में वह बहुत परेसान होते है जिनके पास वाहनों का साधन होता है वह सिंगोड़ी से बाहर चले जाते है जिनके पास नहीं होता वे इधर उधर घूमने के बाद मजबूरी में खुले में शौच करने को मजबूर होते है। यह भी बताया गया कि नरसिंगपुर से छिन्दवाड़ा जाने वाले वाहन से गत दिनों दो महिला यात्री बस स्टेंड में शौचालय ढूंढती रही मगर उन्हें शौचालय नहीं मिला इस दौरान पास में खड़े एक सज्जन ने उनकी पीड़ा देखी तो उन्होंने अपने घर में ले जाकर शौचालय उपयोग के लिए दिया।

#### इनका कहना है

ग्राम पंचायत की इस पुरे मामले में बड़ी लापरवाही है,शासन ने शौचालय जन सुभिदा के लिए बनाया है और यहा पर ताला लगा है जो गलत। पूरे मामले की शिकायत की जायेगी।

**योगेश यादव**
**जनपत सदस्य सिंगोड़ी**

आपको सचिव को बताना था ,कल में सिंगोड़ी आ रहा हू, इस मामले को दिखवाते है क्यों बंद है शौचालय।

**एम आर मेहरा**
**जनपद पंचायत सीईओ**

पूर्व विधायक अजय चौरे ने वन विभाग कार्यालय में दिया धरना, बड़े लोगों को छोड़कर मामूली लोगों पर विभाग कर रहा कार्यवाही

# अवैध सागौन, फर्नीचर कारोबारियों पर कार्यवाही की मांग को लेकर दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



शनिवार को पूर्व विधायक अजय चौरे ने वन विभाग कार्यालय में पहुंचकर धरना देकर वन विभाग के द्वारा की गई कार्रवाई पर विरोध प्रदर्शन किया है।इस दौरान पूर्व विधायक श्री चौरे दोपहर 2 बजे से लेकर लगभग 5 बजे तक एसडीओ कार्यालय के अंदर तीन घंटे तक कार्यकर्ताओं के साथ में धरना देते हुए सौसर नगर एवं क्षेत्र में सागौन लकड़ी को लेकर अवैध सागौन,फनीचर कारोबारीयो पर कार्रवाई करने की मांग की है।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वन विभाग सौसर के कर्मचारी द्वारा नगर के वार्ड क्रमांक 12 के एक फर्नीचर मार्ट पर कार्रवाई की गई थी। कार्यकर्ताओं के द्वारा बड़े अवैध सागौन कारोबारी को छोड़ विशाल फर्नीचर पर की जा रही कार्रवाई की जानकारी पूर्व विधायक अजय चौरे को दी। जिसके बाद में पूर्व विधायक समर्थकों के साथ में दोपहर 2 बजे के लगभग वन विभाग कार्यालय में पहुंचकर सौसर वन विभाग एसडीओ प्रमोद चोपड़े से चर्चा की। समस्या का समाधान नहीं निकलने पर पूर्व विधायक श्री चौरे कार्यालय में हीधरने पर बैठ गए। धरना 2 बजे से लेकर शाम 5 तक चलता रहा है। कार्रवाई को लेकर समाधान पूर्वक जवाब मिलने के बाद में 5:30 बजे धरना समाप्त हुआ ।

### वन परिक्षेत्र सौंसर अंतर्गत अवैध वनोपज की जप्ती की कार्यवाही

वन विभाग के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को मुख्य वनसंरक्षक एवं पदेन वन संरक्षक छिंदवाड़ा वनवृत्त एवं वनमंडल अधिकारी दक्षिण छिन्दवाड़ा वनमंडल के निर्देशन में मुखबिर की सूचना के आधार पर वन परिक्षेत्र अधिकारी सौंसर एवं परिक्षेत्र के स्टॉफ द्वारा (विशाल फर्नीचर मार्ट) निवासी वार्ड नं. 12 सौंसर के निजी मकान में रखी सागौन 04 नग = 0.138 घ.मी. जप्त कर कार्यवाही की गई है।उक्त कार्यवाही में परिक्षेत्र सौंसर के स्टॉफ इन्द्रपालसिंह कुडापे, प.स. नन्देवानी, दादाजी भकने, वनरक्षक अरविंद बन्सोड़,रेवाराम गजाम, नीलकंठ ठाकुर,अखिलेश शर्मा, प्रमोद पातुरकर, सुरक्षा श्रमिक दिलीप गुर्वे उपस्थित थे।

### बड़े मगरमच्छ छोड़ मासूमों पर वन विभाग कर रहा कार्यवाही

अजय चौरेधरना आंदोलन के दौरान आक्रामक शैली में वन विभाग को पूर्व विधायक अजय चौरे ने आड़े हाथों लिया। पूर्व विधायक श्री चौरे ने कहा कि कार्यकर्ता मेरे पास आए और बताया कि हमारे साथी पर अन्याय हो रहा है।इसके बाद मैं यहां वन विभाग में पहुंचा हूं।वन विभाग के द्वारा किन नियमों के अंतर्गत लाइसेंस धारी फर्नीचर संचालक के यहांसे तीन लककियों पर कार्रवाई कर रही है।परंतु सौसर नगर क्षेत्र में बड़े पैमाने पर फनीचर,सागवान माफियाओ के द्वारा यहां से नागपुर की ओर लाखों रुपए कामाल भेजा जा रहा है।उस पर कार्रवाई नहीं की जा रही है। बड़े मगरमच्छ को छोड़कर मासूम लोगों पर वन विभाग कार्रवाई कर रहा है।क्षेत्र से हर माह औद्योगिक क्षेत्र बोरगाव की कंपनियों में लाखों रुपए की जंगलों से अवैध रूप से कटकर लड़कियां जा रही है। वन विभाग के अधिकारियों ने कभी औद्योगिक क्षेत्र की कंपनियों मैं जाकर नहीं देखा कि यह लड़कियां कहां से आ रही है। इस दौरान पूर्व नपा उपाध्यक्ष सुनील भांगे अल्केश बागडे,अमोल आकोटकर,नोमान खान,आदि थे।

## शिक्षा महिलाओं को सशक्त करने का माध्यम: नीलिमा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

आज का युग नारी शक्ति का योग है और आज महिला हर क्षेत्र में पुरुष के कम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रही है आज आवश्यकता है महिलाएं शिक्षित हो और अपनी प्रतिभा को पहचाने एक शिक्षित महिला सशक्त राष्ट्र का निर्माण करने में सक्षम होती है हमें अपने अंदर की प्रतिभा को निखारते हुए राष्ट्र निर्माण में अपना अहम योगदान देने की आवश्यकता है उक्त आशय के उद्गार शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित एकदिवसीय संगोष्ठी में विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित राजमाता सिंधिया कन्या महाविद्यालय छिंदवाड़ा की प्राध्यापक डॉक्टर नीलिमा बागडे द्वारा व्यक्त किए गए। राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्रा इकाई अधिकारी डॉक्टर रश्मि नागवंशी द्वारा महिला सशक्तिकरण के संबंध में अपने उद्बोधन देते हुए कहा गया कि सौंदर्य के साधनों से नहीं बल्कि बुद्धि ज्ञान और कौशल के माध्यम से महिलाएं स्वयं को सशक्त बनाएं। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ वाके शर्मा के मार्गदर्शन में एवं एनएसएस जिला संगठन रविंद्र नाफड़े के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ एके टांडेकर, डॉ संगीता वाशिंगटन, प्रो आरडी वाडीवा, प्रो आर के चंदेल, डॉ एसके शेण्डे, डॉक्टर के सोनगरा सहित समस्त महाविद्यालय का स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## छिंदीकामथ सोसयाटी में धान खरीदी केंद्र प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

छिंदीकमात सोसाइटी में धान खरीदी केंद्र प्रारंभ किया गया। आज प्रथम दिन ही 55किवंटल धान खरीदी की गई ।भाजपानीत सरकार के द्वारा किसानों को ध्यान में रखते हुए समय के साथ धान खरीदी प्रारंभ करने से किसानों को समय पर आर्थिक लाभ होगा ऐसा आशय किसान मोर्चा के विधानसभा प्रभारी सीपत राम यदुवंशी के द्वारा व्यक्त किया गया इस शुभ अवसर पर सरपंच रामभाऊ कूड़पे जनपद सदस्य मंगलू यदुवंशी दर्शन यदुवंशी लेखराम यदुवंशी दीपक राम यदुवंशी दुर्गा यदुवंशी समिति प्रबंधक गोकल यदुवंशी सेल्समैन मनोहर यदुवंशी आपरेटर रामचरण सहित किसान एवम ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## अक्षत कलश के दर्शन को उमड़ पड़ा जुन्नारदेव शहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव



श्री राम जन्मभूमि मंदिर के गर्भ गृह में आगामी 22 जनवरी 2024 को भगवान श्री राम लला विराजमान होने जा रहे है। इसी कड़ी में श्री राम जन्मभूमि प्राण-प्रतिष्ठा अभियान समिति के तत्वावधान मे पूजित अक्षत कलश यात्रा का आयोजन नगर में शनिवार 16 दिसंबर को किया गया जिसमें रामजन्म भूमि से आये हुए अक्षत कलश की के भव्य शोभायात्रा निकल गई ।शोभा यात्रा का शुभारंभ नगर के श्री गायत्री मंदिर से किया गया जहां पर सैकड़ो की संख्या में धर्म प्रेमी अक्षत कलश की अगुवाई करते नजर आए।

### नगर में जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत हुई पुष्प वर्षा


अक्षत कलश नगर भ्रमण के दौरान नगर में जगह-जगह अक्षत कलश का भव्य स्वागत नगर वासियों द्वारा किया गया समूचे नगर में अक्षत कलश पर जमकर पुष्प वर्षा की गई वहीं लोग अपने घरों से बाहर आकर अक्षत कलश का पूजन अर्चन करते नजर आए आरती की थाल सजाकर आरती की गई बैंड बाजे डीजे की राम धुनों और भक्ति में वातावरण में श्रद्धालु जमकर झूमते नजर आए इस दौरान श्री राम लक्ष्मण और हनुमान जी की झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही जहां पर नगर के श्रद्धालु भगवान श्री राम का आशीर्वाद लेते भी दिखाई दिए।

### इन मार्गो से होकर गुजरी अक्षत कलश यात्रा

नगर के वार्ड क्रमांक 4 गायत्री मंदिर से प्रारंभ हुई अक्षत कलर्स यात्रा मां कर्मा चौक, लक्ष्मीनारायण मंदिर, विश्वकर्मा मंदिर, श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक, गांधी चौक, नुक्कड़ चौक, सिनेमा रोड, शिव मंदिर वार्ड क्रमांक 08, काली माता मंदिर एवं स्टेशन रोड स्थित नाग मंदिर होते हुए श्री राम मंदिर पहुंची जहां पर पूजित अक्षत कलश को स्थापित कर यात्रा का समापन किया गया। अक्षत कलश यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में नगर वासी जनप्रतिनिधि व्यापारीगण धर्म प्रेमी बंधु उपस्थित रहे।

एसडीएम, एसडीओपी एवं तहसीलदार की मौजूदगी में लांजी थाने में हुई बैठक

## लाउडस्पीकर हटाने, धार्मिक स्थलों एवं खुले में मांस विक्रय पर प्रशासन सख्त



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** विधानसभा चुनाव के परिणाम के बाद पूर्ण बहुमत के साथ मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी। विधायक दल की बैठक के बाद भाजपा आलाकमान मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव बनाए गए मोहन यादव द्वारा अपनी शपथ के बाद कई अहम फैसले लिए जिसे तत्काल निर्देश के पालन का अधिकारियों को आदेश किया। मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा फैसला लिया गया कि बाजार में खुले में मांस बेचना गलत है अगर खुले में मांस का विक्रय किया जाता है तो कड़ी कानूनी कार्यवाही की जायेगी और मंदिर मस्जिद में कम आवाज में लाउडस्पीकर बजाने के आदेश किया अपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति पर कार्यवाही करने आदतन अपराधियों को जमानत न देने के अलावा अन्य कड़े फैसले लिए गए। मध्यप्रदेश के नए मुख्यमंत्री मोहन यादव के निर्देश के बाद जिला कलेक्टर के आदेश पर लांजी एसडीएम द्वारा लांजी थाना में में एक आवश्यक बैठक संपन्न की गई। लांजी थाना में संपन्न हुई बैठक में एसडीएम प्रदीप कौरव, तहसीलदार संजय बारस्कर, एसडीओपी सतेंद्र घनघोरिया, नगर निरीक्षक दिनेश सोलंकी, अब्दुल रउफ मंसी, उदित पुरी गोस्वामी, राज इटोरिया, सुभाष फुलसुंघे, रंजनीकांत, चितेंश भारद्वाज, संतोष, ओमप्रकाश घोरमारे, सुरेश वाघ, विशाल तिड़के, मो. नजीर सहित पत्रकार बंधु मयूर सुले, पवन कश्यप, दिनेश रामटेक्कर, संजय टेंभरे, रामानुज तिड़के अन्य उपस्थित रहे। बैठक के दौरान बताया गया कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन द्वारा यह आदेश जारी किया गया है कि मंदिर और मस्जिद में कान फोडू. और अत्यधिक आवाज में लाऊडस्पीकर नहीं बजाए जाएंगे चाहे वह मंदिर हो या मस्जिद की हो, धीमी और मधुर आवाज में स्पीकर को बजाय जाना है किसी भी धर्म का व्यक्ति चाहे मंदिर हो या मस्जिद अगर शासन के आदेश की अवहेलना करता है तो उसे पर कड़ी कानूनी कार्यवाही की जावेगी और लाउडस्पीकर जप्त कर लिए जाएंगे। इस संबंध में जानकारी से अवगत कराते हुए एसडीएम प्रदीप कौरव ने बताया की मुख्यमंत्री मोहन यादव के आदेश पर जिला कलेक्टर के आदेश पर लांजी प्रशासन द्वारा खुली जगह में मांस और अंडे का विक्रय न करने की बात कही है। तथा मांस मछली व्यापारियों से खुले में मांस न रखने की हिदायत दी है तथा मांस को कांले कांच के नीचे ढंककर रखने की भी बात कही। श्री कौरव ने बताया की जिनके द्वारा आदेश का पालन नहीं किया तो जुर्माना भी किया जाएगा और कानूनी कार्यवाही की जावेगी।

नवनिर्वाचित विधायक विक्की पटेल का स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने किया स्वागत

## स्वास्थ्य कर्मियों की हर जरूरतों को पूरा करने का होगा प्रयास : पटेल

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



वारासिवनी खैरलांजी विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक विवेक ऊर्फ विक्की पटेल का शनिवार को सिविल अस्पताल वारासिवनी व सहसामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रामपायली के तत्वावधान में शासकीय चिकित्सालय वारासिवनी में चिकित्सकों व कर्मचारियों द्वारा स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। जहाँ वारासिवनी व रामपायली चिकित्सालय में पदस्थ चिकित्सकों व कर्मचारियों द्वारा विधायक श्री पटेल का आत्मीयता के साथ फूलमालाओं और पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया।

### स्वास्थ्यकर्मी ईमानदारी से कार्य करे- विक्की पटेल

इस मौके पर स्वास्थ्यकर्मियों को सम्बोधित करते हुए नवनिर्वाचित विधायक विक्की पटेल ने चिकित्सालय परिवार को अपना परिवार बताते हुए कहा कि वह चिकित्सालय की हर जरूरतों को पूरा करने के लिए हर तरह से सहयोग करेगे। लेकिन चिकित्सकों को भी अपने काम को पूरा ईमानदारी से करते हुए क्षेत्र की जनता को भरपूर सेवायें देनी होगी।

**शिक्षा एवं स्वास्थ्य पहली प्राथमिकता:** उन्होंने कहा कि मेरी पहली प्राथमिकताएं शिक्षा और स्वास्थ्य हैं। मेरा लक्ष्य हैं कि क्षेत्र के बच्चों को क्षेत्र में ही बेहतर शिक्षा मुहैया हो और क्षेत्र के सरकारी अस्पतालों में बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो, ताकि सरकारी अस्पतालों में बेहतर इलाज की उम्मीद में आए मरीज का इलाज भी बेहतर तरीके से अस्पताल में हो सके और उन्हें शहर से बाहर इलाज के लिए नहीं जाना पड़े।

**परिवार के बीमार सदस्य की तरह करे मरीजों का उपचार:** इसके लिए उन्होंने वारासिवनी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी सरकारी अस्पतालों के चिकित्सकों व कर्मचारियों से निवेदन किया कि अस्पताल में अच्छे इलाज की उम्मीद में अस्पताल आए मरीज का परिवार के किसी बीमार सदस्य की तरह उसका उपचार कर उसे अच्छी सुविधा उपलब्ध कराए, ताकि लोगों के मन में सरकारी अस्पतालों की बनी छवि में परिवर्तन हो सके।

उन्होंने कहा कि आज हम इस पद पर कर्मचारियों की वजह से आए हैं। आपके आशीर्वाद व सहयोग से ही हम विधायक बने हैं। इसीलिए हम उनकी समस्याओं का भी ध्यान रखेगे। उन्होंने अपने नगरपालिका अध्यक्ष के कार्यकाल का जिक्र करते हुए कहा कि जब मै नगरपालिका अध्यक्ष था, उस समय प्रदेश में भाजपा की सरकार थी। लेकिन उसके बावजूद हमने सर्वाधिक विकास कार्य नगर में करवाए हैं। अच्छे कार्यो के लिए सरकार से सभी प्रकार की मदद मिलती हैं। इसीलिए अभी भी आप चिंता ना करे, हमें विकास कार्यो के लिए सरकार से राशि मिलती रहेगी।

उन्होंने कहा कि चिकित्सालय में जो कमी हैं, उसके बारे में आप बताये। मैं अभी भोपाल जाने वाला हूँ। उन कमियों को पूरा करवाने का प्रयास करूँगा। आपका और हमारा काम सेवा का हैं, हम दोनों को ही जनता की सेवा करना हैं। आप सभी चिकित्सा क्षेत्र के आधार हैं, इसमें आप का सहयोग बेहद महत्वपूर्ण हैं।

### विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

**बालाघाट।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री दिनेश चन्द्र थपलियाल के कुशल मार्गदर्शन में शनिवार को ग्राम जोधीटोला ग्राम पंचायत जरेरा में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश व सचिव श्री आसिफ अब्दुल्लाह द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि आज महिलाएं अपने उल्लेखनीय कार्यों से अपना बहुमूल्य योगदान दे रही है जिससे हमारा देश निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर हो रहा है लेकिन यर्थाथ में आज भी उन्हें लैंगिक असमानता, भेदभाव जैसी अनगिनत समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इन परिस्थितियों में समाज का मौलिक कर्तव्य है कि महिलाओं की स्थिति बेहतर बनाने को लेकर निरंतर प्रयास करने का संकल्प ले। साथ ही श्री अब्दुल्लाह ने लोकोपयोगी सेवाओं के लिए लोक अदालत एवं मध्यस्थता योजना के बारे भी उपस्थितजनों को अवगत कराया।

## तेज रफ्तार ट्रेक्टर ने मजदूर को मारी टक्कर

डंपर और ट्रैक्टर की रफ्तार ले रही जान, घायल मजदूर को छोटा हाथी से पहुंचाया अस्पताल

हरिभूमि न्यूज कटंगी।





कटंगी-सिवनी मुख्य सड़क मार्ग पर राधा कृष्ण मंदिर से महज कुछ ही दूरी पर एक तेज रफ्तार ट्रेक्टर ने साईकिल सवार मजदूर को जबरदस्त टक्कर मारकर गंभीर रुप से घायल कर दिया है. हादसा शनिवार की शाम करीब साढ़े 05 बजे के आस-पास हुआ है. सड़क हादसे के बाद 108 पर कॉल किया गया लेकिन एंबुलेस नहीं मिल पाई जिसके चलते घायल शख्स को छोटा हाथी में रखकर उपचार के लिए सरकारी अस्पताल कटंगी पहुंचाया गया. घायल शख्स की पहचान बंसत झारिया निवासी कोलापुर के रुप में की गई जो कटंगी में एक इमारत के निर्माण में मजदूरी का काम करने के लिए आया हुआ था और छुट्टी के बाद घर लौट रहा था इस दौरान कटंगी से सिवनी रोड़ की तरफ जा रहे तेज रफ्तार ट्रेक्टर ने मजदूर को टक्कर मार दी. घायल शख्स को प्राथमिक उपचार देने के बाद जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया है. पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है।

वैसे तो सड़कों का निर्माण शहरों और गांवों के विकास को दिखाने के साथ ही आवागमन को सुलभ बनाने के लिए होता है लेकिन सड़कों पर सरपट तेज रफ्तार दौड़ रहे वाहन सड़क दुर्घटना का कारण बन रहे है. बीते कुछ सालों में वाहनों की तेज रफ्तार की वजह से कई हादसे हुए है जिनमें कई लोगों की अकाल मौत हो गई किन्तु इन हादसों से कोई भी सबक नहीं ले रहा है. वहीं जिम्मेदार पुलिस विभाग भी सड़कों पर सरपट दौड़ते वाहनों पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है. इन दिनों रेत का परिवहन करने वाले डंपर और ट्रैक्टर की रफ्तार से तो हर कोई वाकिफ है. इनके चालकों के द्वारा लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर कई लोगों को जीवन भर के लिए अपाहिज बना दिया गया है तो कई लोगों की जाने जा चुकी है. कटंगी शहर के तमाम चाक-चौराहों और व्यस्ततम इलाकों में ट्रेक्टर और डंपरों को बेधड़क तेज रफ्तार से भागते हुए देखा जा सकता है. ऐसा नहीं कि पुलिस या प्रशासन में बैठे अधिकारियों को इनकी जानकारी नहीं है. पुलिस और अधिकारियों के पास कई मौखिक शिकायतें है बस कार्रवाई के लिए हादसों का इंतजार किया जा रहा है और ऐसा भी नहीं है कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने एवं सड़क दुर्घटना में होने वाली मृत्यु दर पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस कुछ नहीं करती. पुलिस यातायात जागरुकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करती है. दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने एवं चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने के लिए प्रेरित किया जाता है।

### ग्राम देवरबेली में युवती ने किया जहर का सेवन

**लांजी।** लांजी थानांतर्गत आने वाले ग्राम देवरबेली में एक 22 वर्षीय युवती ने जहर का सेवन कर लिया जिसे परिजनों द्वारा तत्काल एक निजी वाहन की सहायता से सिविल अस्पताल लाकर भर्ती किया गया। घटना की जानकारी अनुसार ग्राम देवरबेली निवासी सूरजलाल यादव की 22 वर्षीय पुत्री अंजली (बदला हुआ नाम) ने घर में रखे जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जिस समय युवती ने जहर का सेवन किया उस समय घर के सभी सदस्य काम करने घर से बाहर थे और एक छोटी बहन घर पर मौजूद थी। युवती के पिता ने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया की घर के पाटन में पायजन रखा हुआ था जिसे युवती ने पी लिया है किन कारणों से पीया है यह अभी उन्हें भी पता नहीं है। मोहल्ले के लोगों से उन्हें घटना की जानकारी लगी जिसके बाद एक निजी वाहन करके तुरंत युवती को सिविल अस्पताल लाकर भर्ती किया गया जिसे चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गोंदिया रिफर कर दिया है।

नि:शुल्क स्वास्थ्य जॉच शिविर में 71 ग्रामीणों की हुई जॉच, दी गई दवाईयॉ

## श्री सत्य सॉई सेवा संगठन ने स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से पहाड़ीटोला भांडी में किया आयोजन



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** श्री सत्य सॉई सेवा संगठन बालाघाट के तत्वावधान में श्री सत्य सॉई सेवा समिति वारासिवनी द्वारा ग्राम पंचायत भांडी के ग्राम पहाड़ीटोला में वृहद नि:शुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में श्री सत्य सॉई सेवा संगठन बालाघाट के जिलाध्यक्ष श्रीराधा कृष्ण राव के नेतृत्व एवं जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज पांडे के सहयोग से वारासिवनी खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. कमलेश झोड़े के द्वारा गठित दल द्वारा ग्रामवासियों का चिकित्सीय परीक्षण किया गया।

इस स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर में स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा 22 पुरुष एवं 49 महिलाओं के बी पी, शुगर, केएफटी, एलएफटी, सीबीसी, लिफिक प्रोफाईल, एसआईवी के टेस्ट पूर्णतः निश्शुल्क किए गए और उसके बाद आवश्यक दवाईयॉ का वितरण भी निश्शुल्क किया गया।

शिविर में संगठन के जिला अध्यक्ष, जिला सेवा समन्वयक महिला एवं पुरुष, शिक्षा समन्वयक, आध्यात्मिक शिक्षा समन्वयक, भांडी समिति संयोजक, सेवा प्रभारी एवं अन्य सेवादल के सदस्यगण उपस्थित रहे। स्वास्थ्य विभाग की ओर से चिकित्सा शिविर को सफल बनाने में सेक्टर सुपरवाईजर सतीश सुलकिया, एनएमए वारासिवनी मोरध्वज ठाकुर, सीएचओ प्रिया बिसेन, आईसीटीसी लेब टेक्नीशियन सुनील द्यामने, काऊंसलर संदीप कोकाड़े, लेब टेक्नीशियन मोहित रहांगडाले, एएनएम करुणा रंगारे, आशा सुपरवाईजर विमला उपवंशी, आशा कार्यकर्ता वंदना, सुनीता एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रामपायली का भरपूर सहयोग रहा।

विद्यार्थियों को राहत, 19 तक भर सकेंगे पूरक परीक्षा फॉर्म

# विद्यार्थियों को राहत, 19 तक भर सकेंगे पूरक परीक्षा फॉर्म

**राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय ने पूरक प्राप्त विद्यार्थियों को राहत दे दी है। विश्वविद्यालय से संबद्ध सिवनी स हित बालाघाट बैतूल एवं छिंदवाड़ा जिले के कॉलेजों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए पूरक परीक्षा फॉर्म भरने के लिए एक और मौका मिल गया है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

स्नातक तृतीय वर्ष के पूरक परीक्षा फॉर्म अब 19 दिसंबर तक भरे जा सकेंगे। विश्वविद्यालय द्वारा फॉर्म भरने के लिए पोर्टल खुला रहेगा। पहले दरअसल स्नातक तृतीय वर्ष में पूरक प्राप्त विद्यार्थियों को परीक्षा फॉर्म भरने के लिए पहले 15 दिसंबर अंतिम तिथि जारी की गई थी। हालांकि निर्धारित अवधि तक कई विद्यार्थी फॉर्म नहीं भर सके। ऐसे में उन्होंने विश्वविद्यालय से आखिरी तिथि में वृद्धि करने की मांग की थी। विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों के हित में तिथि में वृद्धि कर दी। विश्वविद्यालय ने पुनर्मूल्यांकन एवं पुनर्गणना का परिणाम भी जारी कर दिया है। जिन विद्यार्थियों के पुनर्मूल्यांकन एवं पुनर्गणना प्रक्रिया में अंक में कोई सुधार नहीं हुआ है वे भी पूरक परीक्षा फॉर्म अब भर सकते हैं। विश्वविद्यालय ने ऐसे विद्यार्थियों को भी स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि उन्हें भी 19 दिसंबर तक फॉर्म भरना होगा। उनके लिए अलग से पोर्टल नहीं खोला जाएगा। फॉर्म भरने के लिए अब अंतिम तिथि में वृद्धि नहीं की जाएगी।

### जनवरी में परीक्षा, जल्द जारी होगी समय-सारणी

विश्वविद्यालय के अनुसार बीए, बीकॉम, बीएससी, बीबीए, बीसीए तृतीय वर्ष में पूरक प्राप्त विद्यार्थियों की परीक्षा जनवरी 2024 के प्रथम सप्ताह में होना संभावित है। इसके लिए परीक्षा समय-सारणी भी जल्द जारी होगी।

# सिवनी नैनपुर राजमार्ग मे मेंटेनेंस के नाम पर पिछले दो सत्र से हो रहा है भ्रष्टाचार की उच्च स्तरीय जांच की मांग



**केवलारी- सिवनी मंडला राजमार्ग 11 ए नैनपुर बॉर्डर तक 75 किलोमीटर मार्ग मध्यप्रदेश रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के अधीन वर्ष 2011 से है लोक निर्माण विभाग से हस्तांतरित मार्ग की हालत खस्ता होती जा रही है। मेंटेनेंस के नाम पर एमपीआरडीसी प्रत्येक वर्ष टेंडर कॉल करती है वर्ष 2023 में भी रोड का निर्माण छोड़ छोड़ कर किया गया था यानी 75 किलोमीटर रोड में लगभग 22 किलोमीटर रोड में घटिया स्तर की टायरिंग की गई थी। 50% मार्ग टायरिंग का फर्जी बिलिंग कर शासन को करोड़ों का चुना लगाया गया था।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ केवलारी। राकेश आत्मपूज्य

विधानसभा चुनाव के पूर्व भी रोड निर्माण के नाम पर एमपीआरडीसी ने टेंडर कॉल किया और संबंधित एजेंसी से टायरिंग का कार्य लिपाई पुताई की तरह कराया ।सिवनी नैनपुर मार्ग में भ्रष्टाचार की इबारत लिखने में कोई कसर नहीं छोड़ी गई है ।विभाग के लिए या मार्ग भ्रष्टाचार करने का सुगम रास्ता बन गया है जब चाहे तब सुधार कार्य के लिए टेंडर कॉल कर लिया जाता है और दिखावा करके फर्जी एमबी रिकॉर्ड हो जाती है। रोड के आज के हालत येहै जो रोड में टायरिंग की गई है वही भी जगह-जगह खुदने लगी किलोमीटर 58 का पिक कैमरे में कैद किया गया है जिसमें स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि कितनी घटिया स्तर सामग्री का उपयोग किया गया है। रोड पूरी तरह उखडने लगी ।मध्यप्रदेश शासन के नवनियुक्त मुख्यमंत्री माननीय मोहन यादव जी से सिवनी मंडला मार्ग में वर्ष 2022-23 मे रोड निर्माण के नाम पर हुये भ्रष्टाचार की जांच गुणवत्ताहीन निर्माण सामग्री की उच्च स्तरीय जांच की मांग की गई है।

# विधायक दिनेश राय के मुख्य आतिथ्य में किया गया लैदरबाल वेटर्न क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

शनिवार को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन के मुख्य आतिथ्य मे लैदरबाल वेटर्न क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ किया गया। आज प्रातः 11:00 बजे नगर के एमसीजी ग्राउंड डूंडासिवनी मे आयोजित लैदरबाल वेटर्न टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ विधायक दिनेश राय मुनमुन के मुख्य आतिथ्य मे किया गया। प्रतियोगिता के अंतर्गत प्रथम शुभारंभ मैच विधायक दिनेश राय मुनमुन ने सतपुड़ा टाईगर्स छिंदवाड़ा विरुद्ध जबलपुर टाईगर्स के कप्तानों के बीच सिक्का उछालकर टास कराया तथा टीमों के खिलाड़ियों समिति पदाधिकारियों से मध्य मैदान मे परिचय किया। तथा खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। इस दौरान श्री राय का फूलमालाओं से आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष आलोक दुबे , श्रीमती नीता पटेरिया पूर्व सांसद, प्रदीप राय जिला उपाध्यक्ष, नगर परिषद छपारा अध्यक्ष श्रीमती निशा पटेल, भारतीय जनता पार्टी उत्तर मंडल अध्यक्ष संजय पप्पू सोनी, मध्यप्रदेश रणजी टीम के खिलाड़ी चंद्रकांत शाकुरे, प्रतियोगिता संयोजक अरुण यादव , प्रतियोगिता अध्यक्ष अजय पांडे , जवाहरलाल राय पार्षद राजू यादव , श्रीमती वंदना बैस , किशनलाल साहू , मुगदर सोनी , सहित समिति पदाधिकारियों सदस्यों खेल प्रेमियों की गरिमामय उपस्थिति रही। इसके पश्चात विधायक दिनेश राय मुनमुन मठ मंदिर प्रांगण मे आयोजित 16 दिसंबर 2023 से 22 जनवरी 2024 तक चलने वाली विकसित भारत संकल्प यात्रा के शुभारंभ कार्यक्रम मे शामिल हुए। इस दौरान सभी उपस्थितों के साथ यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लाईव संदेश को सुना गया।

# किराए से लिए 32 ट्रैक्टर रखे गिरवी, कार्रवाई के लिए ट्रैक्टर मालिकों ने घंसौर थाना को घेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

घंसौर क्षेत्र के किसानों से कुछ लोगों ने ट्रैक्टर किराए पर लिए। आरोपियों ने क्षेत्र से 32 ट्रैक्टर लिए। इन्हें ले जाकर नरसिंहपुर क्षेत्र में गिरवी रख दिया। मामला सामने आने के बाद किसानों ने रोष जताया। उन्होंने आरोपियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर शुक्रवार रात घंसौर थाने का घेराव किया। घंसौर थाना क्षेत्र के अंतर्गत रहने वाले कुछ लोगों ने किसानों से कहा कि उन्हें ट्रैक्टर किराए से चाहिए। उन्हें कुछ जगह रोड बन रही है, उनमें उपयोग करेंगे। कुछ अन्य कार्यों के लिए उनका उपयोग किया जाएगा। लेकिन लगभग 32 ट्रैक्टर किराए से लेने के बाद लोगो ने ट्रैक्टरों को नरसिंहपुर क्षेत्र में जाकर गिरवी रख दिए। जब इस बात की जानकारी ट्रैक्टर मालिकों को लगी तो वह रात्रि के समय घंसौर थाना पहुंचे। मामले की जानकारी थाने में दी। यहां उन्हें कार्यवाही का आश्वासन मिला है। इस मामले में घंसौर थाना प्रभारी का कहना है कि कुछ किसान थाने आए थे। उन्होंने बताया कि उनके ट्रैक्टरों को स्थानीय एजेंट ने गोटेगांव के एजेंट को किराए से दिलवाए थे। उन्हें गिरवी रखने की जानकारी मिली है। इस मामले में 2 लोगों से पूछताछ की जा रही है।

# भृत्य राधेश्याम उईके हुए निलंबित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी क्षितिज सिंघल ने **NGRS Portal Complaint ID-C3016AEDD656** के सम्बंध में प्राप्त कार्यालय रिटर्निंग आफिसर, विधानसभा क्षेत्र-117, लखनादौन, जिला सिवनी के पत्र क्रमांक/08/वि.स. निर्वाशिका./2023 लखनादौन, दिनांक 14.11.2023 में अवगत कराया है कि श्री राधेश्याम उइके, नृत्य, तहसील कार्यालय लखनादौन को पत्र क्रमाक 160/वि.स. निर्वा / 2023 दिनाक 10.11.2023 के माध्यम से रूट चार्ट एवं रूट क्रमांक चस्पा करने संबंधी निर्वाचन डियूटी में सलग्न किया गया, किंतु श्री उइके उक्त ड्यूटी से अनुपस्थित रहें। श्री उइके द्वारा स्वयं की चुनाव डियूटी से मुक्त होने के लिए अनाधिकृत शिकायत की गई है। भृत्य राधेश्याम उइके तहसील कार्यालय लखनादौन को उपरोक्त सम्बंध में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने हेतु कार्यालयीन कारण बताओ सूचना पत्र क्रमांक 3248 दिनांक 20 नवम्बर, 2023 जारी किया गया। श्री उइके को जारी उक्त कारण बताओ सूचना पत्र की तामिली तहसीलदार, लखनादौन के माध्यम से कराई गई। मालजमादार के पत्र दिनांक 21.11.2023 अनुसार, श्री उइके द्वारा उक्त कारण बताओं सूचना पत्र पावती में हस्ताक्षर करने से इंकार किया गया।
भृत्य राधेश्याम उइके द्वारा चुनाव डियूटी में अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहना, डियूटी आदेश से मुक्त रखे जाने हेतु अनाधिकृत शिकायत किया एवं कारण बताओ सूचना पत्र प्राप्ति अभिस्वीकृति पर हस्ताक्षर करने में मना करने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल द्वारा कदाचार मानते हुए इन्हें लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के प्रावधानों तथा मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम (3)-(एक) (दो) (तीन) का उल्लंघन होकर, उक्त कृत्य कदाचरण की श्रेणी का होने से मध्यप्रदेश सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील नियम, 1966 के नियम 9 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में भृत्य राधेश्याम उइके तहसील कार्यालय लखनादौन, जिला सिवनी का मुख्यालय जिला निर्वाचन कार्यालय सिवनी नियत किया जाता है। निलंबन अवधि में राधेश्याम उइके को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता रहेगी।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का हुआ शुभारंभ

## वर्चुअल माध्यम से प्रधानमंत्री श्री मोदी ने दिखाई हरी झण्डी





**17 दिसम्बर से 26 जनवरी तक ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में प्रचार रथ करेंगे योजनाओं का प्रचार-प्रसार**

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शनिवार 16 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल माध्यम से प्रदेश में ३विकसित भारत संकल्प यात्रा३ का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री मोदी ने यात्रा के उद्देश्यों के प्रकाश डाला साथ ही वर्चुअली विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों से चर्चा की। कार्यक्रम के परिपालन में जिला स्तर में भी जिला स्तरीय कार्यक्रम मठ मन्दिर मैदान में किया गया। कार्यक्रम में सांसद डॉ ढालसिंह बिसेन, विधायक श्री दिनेश राय, जनपद अध्यक्ष श्रीमती किरण भलावी, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री ज्ञानचंद सनोडिया, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री आलोक दुबे, प्रदेश युवा मोर्चा अध्यक्ष श्री वैभव पवार, पूर्व सांसद श्रीमती नीता पटेरिया, पूर्व विधायक श्री नरेश दिवाकर, सुजीत जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में नगवासियों की उपस्थित रही। कार्यक्रम में सभी ने प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन को सुना एवं देखा। साथ ही जनप्रतिनिधियों ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए जिलें को प्राप्त 9 प्रचार रथों को हरी झड़ी देकर रवाना किया। कार्यक्रम में सांसद डॉ ढाल सिंह बिसेन ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संचालित केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्य में प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने प्रत्येक वर्ग के व्यक्ति को लाभान्वित करने के लिए योजना बनाई हैं, आज ग्रामीण क्षेत्रो के लिए 19 और शहरीय क्षेत्र के लिए 16 योजनाए संचालित की हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र हितग्राही को लाभांवित करते हुए विकसित भारत के संकल्पना को साकार करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित की रही हैं। यात्रा अंतर्गत जिले में कुल 9 प्रचार रथ ग्राम एवं वार्डवार भ्रमण करेंगे इन प्रचार तत्वों के एलईडी वॉल के माध्यम से योजनाओं के प्रचार के साथ के साथ-साथ मौके में पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा तथा उन्होंने उपस्थित जनों से किसी भी कारण से योजना के लाभ से छूट हितग्राहियों को लवांवित करने में सहयोग करने की अपील की।
कार्यक्रम को संबोधित कर विधायक श्री दिनेश राय द्वारा मोदी की गारंटी काम होने की गारंटी है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत देश में शिक्षा, स्वास्थ्य, अधोसंरचना विकास सहित सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य हुआ हैं। सभी वर्गो के विकास को ध्यान में रखकर बनाई गई योजनाओं से सभी वर्गों को मिला हैं।
भाजपा जिला अध्यक्ष श्री आलोक दुबे ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने जनता के प्रधान सेवक की भूमिका का निर्वहन किया हैं। शासन की प्रत्येक योजना का लाभ जन- जन तक पहुँच रहा हैं।

### आज यहां पहुंचेंगे प्रचार रथ

रूटचार्ट अनुसार "विकसित भारत संकल्प यात्रा" के प्रचार रथ 17 दिसम्बर को बरघाट विकासखण्ड के ग्रामपंचायत कोडोपार एवं आमागढ, छपारा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत नांदिया कलॉ, धनौरा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत सर्रा एवं तुआघोरा, घंसौर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत किंदरई एवं धूमामाल, केवलारी की ग्राम पंचायत बाघडोंगरी एवं दुरैंदा, कुरई की ग्राम पंचायत मोहगांव सडक एवं ऐरमा, लखनादौन की ग्राम पंचायत गौराबीबी एवं पाथरकाठी तथा सिवनी विकासखण्ड की परासिया, गौरखपुर कलॉ, मैली एवं बोरदई पहुचेगी।
इसी तरह 18 दिसम्बर को बरघाट विकासखण्ड के ग्रामपंचायत विजयपानीकला एवं पखारा, छपारा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत मुडरई, धनौरा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत धनौरा एवं घुघरीमाल, घंसौर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत केदारपुर एवं पाटन, केवलारी की ग्राम पंचायत पांडियाछपारा, लखनादौन की ग्राम पंचायत जोबा,पतलोन एवं खूबी तथा सिवनी विकासखण्ड की बंडोल, अलोनिया, बम्हनी तथा सुकवाहा पहुचेगी।
यात्रा के दौरान इन योजनाओं का मिलेगा लाभ-विकसित भारत संकल्प यात्रा में आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना (ग्रामीण), पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, गांवों का सर्वेक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों में तात्कालिक प्रौद्योगिकी के साथ मानचित्रण (स्वामित्व), जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम योजना, नैनो उर्वरक का उपयोग, स्वाइल हैल्थ कार्ड व उन्नत कृषि यंत्र तथा शहरी क्षेत्रों में आयोजित अभियान में पीएम स्वनिधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम मुद्रा लोन योजना, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया, आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, पीएम आवास योजना (शहरी), स्वच्छ भारत अभियान (शहरी), उजाला योजना, अमृत योजना, पीएम जन औषधि परियोजना, सौभाग्य योजना, डिजिटल भुगतान अधोसंरचना, खेलो इंडिया, आरसीएसः उड़ान, वंदे भारत ट्रेनें और अमृत भारत स्टेशन योजना को सम्मिलित किया गया है। यह प्रचार रथ उल्लेखित योजनाओं का एलईडी वॉल के माध्यम से प्रचार-प्रसार करेंगे।

# डीआरएम से भेंट की रेल विकास समिति ने विभिन्न मांगों के साथ सुविधाएं बढ़ाएं जाने को लेकर सौंपा पत्र


**दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे के डीआरएम ऑफिस नागपुर में बीते दिनों सिवनी रेल विकास समिति के सदस्यों द्वारा डीआरएम श्रीमती नमिता त्रिपाठी से मुलाकात कर रेलवे स्टेशन सिवनी में सुविधाएं बढ़ाने के साथ अनेक मांगों को लेकर पत्र सौंपा गया।**



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

रेल विकास समिति के मीडिया प्रभारी विपिन शर्मा ने बताया कि बीते 14 दिसंबर को समिति के अध्यक्ष घनश्याम सनोडिया, सचिव मुनिया टांक, कोषाध्यक्ष दीपक मेंहदीरत्ता, उपाध्यक्ष अंचल चौरसिया, मीडिया प्रभारी सत्यम सूर्यवंशी एवं सह सचिव नवेंदु मिश्रा ने नागपुर पहुंचकर डीआरएम श्रीमती नमिता त्रिपाठी से मुलाकात कर सिवनी रेलवे स्टेशन में सुरक्षा बल बढ़ाये जाने की मांग उनके समक्ष रखी। इसके साथ ही समिति के द्वारा एक पत्र सौंपा गया जिसमें मांग की गई कि सिवनी जिले की जनता की बहुप्रतिक्षित बड़ी रेल लाईन प्रारंभ तो हो गई है लेकिन उचित सुविधा प्राप्त नहीं हो पायी है।
मांग पत्र में कहा गया है कि पेंचवैली एक्सप्रेस का संचालन सिवनी से इंदौर किया जाना चाहिए, वर्तमान में पेंचवैली सिवनी तक आती तो है लेकिन छिंदवाड़ा से इंदौर जाती है। नागपुर से मुबंई तक चलने वाली सेवाग्राम एक्सप्रेस को सिवनी तक बढ़ाया जाये। इसी तरह लखनऊ से जबलपुर तक चलने वाले चित्रकूट एक्सप्रेस को सिवनी रेलवे स्टेशन तक बढ़ाया जाये। जिला मुख्यालय के बरघाट रोड रेलवे क्रासिंग से स्टेशन की ओर जाने वाली रोड का डामरीकरण कार्य अधूरा पड़ा है, जिसे शीघ्र पूरा किया जाये। रेल विकास समिति के सदस्यों द्वारा डीआरएम से भेंट कर सुविधाओं को बेहतर बनाने और मांग पत्र पर विचार कर रेल मंत्रालय को प्रेषित किये जाने का आग्रह किया गया है।

### कांग्रेस ने सरदार वल्लभभाई को किया याद, मनाई पुण्यतिथि



**सिवनी,** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भारत के प्रथम गृहमंत्री लौह पुरूष भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल जी की पुण्यतिथि के अवसर पर कार्यालय जिला कांग्रेस कमेटी इंदिरा भवन सिवनी में सरदार पटेल जी के छायाचित्र के समक्ष जेपीएस तिवारी द्वारा दीप प्रज्जवलित किया गया एवं विष्णु करोसिया ने माल्यार्पण किया तत्पश्चात उपस्थित कांग्रेस जनों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर डालचंद बर्वे, कैलाश अवधिया, गेंदलाल भलावी, ठा. जयप्रकाश सिंह परिहार, सुजीत गोदरे, विनोद नाग, नितिन बघेले, ठा. रंजीत परिहार, शाहिद रानू, प्रेमचंद भलावी, रेवाराम भलावी मंडवा, साहबसिंह भलावी, शैलेन्द्र भलावी, कौशलकुमार डेहरिया की उपस्थिति रही।

# ठा. रजनीश हरवंश सिंह ने मुख्यमंत्री मोहन यादव से की मुलाकात



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** केवलारी विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह ने मध्यप्रदेश के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री मोहन यादव से उनके निवास स्थान विंध्य की कोठी पहुँचकर मुलाकात किया। एवं वर्ष 2013 में भी दोनों पहली बार विधायक बनकर सदन में साथ में आए उस समय को याद किये। विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह ने मुख्यमंत्री बनने पर हार्दिक बधाई दिया।

अधिसूचना जारी: मोटर व्हीकल एक्ट में जुर्माने की नई दरें लागू

# वाहन का पीयूसी नहीं तो 10 हजार भरने होंगे, बिना हेलमेट वाहन तो 300 जुर्माना

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नए मोटर व्हीकल एक्ट के जुर्माना प्रस्ताव लागू हो गए हैं। अब गाड़ी चलाते हुए नियमों के उल्लंघन पर 1 से 25 हजार तक जुर्माना लगेगा। सबसे अधिक सख्ती एम्बुलेंस और फायर ब्रिगेड सहित अन्य आपातकालीन वाहनों का रास्ता रोकने पर होगी। ऐसा पाए जाने पर 10 हजार रुपए जुर्माना लगेगा। राज्य सरकार ने इस संबंध में जारी अधिसूचना हाईकोर्ट में पेश की। इसे रिकॉर्ड में लेकर मप्र हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रवि मलिमठ व जस्टिस विशाल मिश्रा की युगलपीठ ने याचिका का निराकरण कर दिया गया। याचिकाकर्ता नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के प्रांताध्यक्ष डॉ. पीजी नाजपांडे ने बताया, संशोधित नियम को स्वीकार करते हुए राज्य शासन ने अधिसूचना जारी कर दी है। मोटरयान अधिनियम के तहत केंद्र सरकार के जारी नियमों का पालन राज्य सरकार नहीं कर रही थी।
याचिका 2019 से पेंडिंग चल रही थी। जिसमें कई बार नोटिस भी जारी किए गए थे। अब जाकर सरकार ने 2023 में गजट नोटिफिकेशन जारी किया है, जिसके मुताबिक सेंट्रल गवर्नमेंट के द्वारा जो मोटर व्हीकल एक्ट के अपराधों पर जुर्माने की राशि तय की गई है अब वह राशि मध्य प्रदेश में भी लागू होगी। नोटिफिकेशन में कहा गया है कि हम केंद्र सरकार ने जो भी मोटर व्हीकल एक्ट में संशोधन किए गए हैं उन्हें स्वीकार करते हैं और संपूर्ण मध्य प्रदेश में इसका कड़ाई से पालन कराया जाएगा।
याचिकाकर्ता के अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने दलील दी थी कि मोटर व्हीकल एक्ट उल्लंघन में जो अपराध होते थे, उसकी जुर्माना राशि केंद्र सरकार ने बहुत बढ़ा दी है, ताकि लोग डर कर नियमों का पालन करें। लेकिन प्रदेश में इसे नेताओं ने लागू नहीं होने दिया। नेताओं की दलील थी कि जुर्माना ज्यादा है। इससे गरीब नागरिक परेशान होंगे।

### ध्यान रखें, की गड़बड़ तो भरना होगा इतना जुर्माना

बिना हेलमेटः 300 रुपए
बिना सीट बेल्टः 500 रुपए
बिना इंश्योरेंसः 2000 रुपए
बिना परमिटः 10 हजार रुपए
बिना लाइसेंसः 1000 रुपए
हॉर्न के शोरगुलः 1000-3000 रुपए
वायु प्रदूषणः 10 हजार
तय सीमा से ज्यादा गतिः 1000-3000 रुपए
गाड़ी चलाते समय मोबाइल इस्तेमालः 3000 रुपए तक

# खाद्य प्रशासन विभाग के दल ने मांस मछली व्यवसायियों को दी समझाईस



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

कलेक्टर क्षितिज सिंघल के मार्गदर्शन में जिले में खाद्य सुरक्षा प्रशासन प्रदेश शासन एवं कमिश्नर खाद्य सुरक्षा प्रशासन डॉ.सुदाम खाड़े के आदेशानुसार खाद्य प्रशासन विभाग के दल द्वारा मटन-मछली (मीट) मार्केट सिवनी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल द्वारा मांस मछली का व्यवसाय करने वालों को खुले में मांस-मछली का विक्रय न करने, विहित खाद्य लाइसेंस लेकर वर्णित नियमों के अनुसार व्यवसाय करने, दुकान में साफ सफाई रखने के लिए निर्देशित किया गया।

**खबर संक्षेप**

### राज्य सेवा आयोग की प्रारम्भिक परीक्षा आज 13 केंद्रों पर

**बालाघाट।** मप्र लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा व वन सेवा प्रारम्भिक परीक्षा आज रविवार को शहर के 13 केंद्रों पर आयोजित होगी। परीक्षा आयोजन के लिए कलेक्टर ड़ॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने उड़नदस्ते सहित कई दलों का गठन किया है। रविवार को प्रातः 10 से 12 बजे व दोपहर 2:15 से 4:15 बजे तक दो पालियों में परीक्षा आयोजित होगी। शहर के 13 केंद्रों पर 5702 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा के लिए सम्भागीय पर्यवेक्षक श्री कृष्णमोहन गौतम को नियुक्त किया गया है। सम्भागीय पर्यवेक्षक के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को लाइजनिंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा परीक्षा के लिए कलेक्टर कार्यालय स्थित कक्ष क्रमांक-115 में कंट्रोल रूम बनाया गया है। कंट्रोल रूम के प्रभारी के लिए एसके बनवाले, आशुतोष पटले, कुलदीप कामड़े और किशोर शरणागत को नियुक्त किया गया। परीक्षा से सम्बंधित बिंदुओं पर सम्पर्क इन नम्बरो पर किया जा सकता है। कंट्रोल रूम बालाघाट में 07632-241221 कंट्रोल रूम प्रभारी के नम्बर 9827953134 और लोक सेवा आयोग के 0731-2700406, 2715812 और 9425080163 पर सपर्क कर सकते है।

### एड्स जागरूकता पखवाड़े का हुआ समापन

**लांजी।** शासकीय महाविद्यालय लांजी में दिनांक 1 दिसंबर से 15 दिसंबर तक एड्स जागरूकता पखवाड़ा का आयोजन किया गया। जिसमें 1 दिसंबर को जागरूकता रैली,2 दिसंबर को एड्स से जागरूकता की कार्यशाला आयोजित की गई। 1 से 15 दिसंबर तक एड्स जागरूकता हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। 4 दिसंबर नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें प्रथम जेबा मिर्जा, द्वितीय अक्षय बड़घैया, तृतीय हर्षा रणदीवे एवं निक्की धरने ने प्राप्त किया। इसी क्रम में 9 दिसंबर को पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजित किया गया जिसमें प्रथम पार्वती वैष्णव, द्वितीय सोनाली बेलघैया, तृतीय नेहा जमुरे एवं टीना बड़घैया ने प्राप्त किया। इसी क्रम में12 दिसंबर को मानव श्रृंखला का निर्माण किया गया।

### सोलर पैनल के लिये 10 दिनी प्रशिक्षण का आयोजन

**बालाघाट।** स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के माध्यम से विद्यार्थियों के भविष्य में स्वसक्षम बनाने के लिये कौशल विकास उन्नयन के लिए महाविद्यालय में विद्यार्थियों को सोलर पेनल टेक्निषियन का 10 दिवसीय प्रशिक्षण 13 दिसम्बर से 23 दिसम्बर तक निशुल्क प्रदान किया जा रहा हैं। यह प्रशिक्षण अंतराष्ट्रीय शिक्षा एवं कौशल विकास संस्थान जबलपुर के द्वारा प्रदान किया जा रहा हैं। यह प्रशिक्षण अंतराष्ट्रीय शिक्षा संस्थान के निर्देशक राज शर्मा (जबलपुर), दिनेश पारधी क्षेत्र संयोजक अंतराष्ट्रीय शिक्षा एवं कौषल विकास संस्थान बालाघाट, शिवम ठाकरे प्रषिक्षक के मागदर्षन में संचालित है। कार्यक्रम का आयोजन स्वामी विवेकानंद मार्गदर्शन प्रकोष्ठ, टीपीओ डॉ. प्रतिमा बिसेन एवं महाविद्यालय प्राचार्य के निर्देशन में प्रारंभ हैं।

## लाउड स्पीकरों के नियमानुसार प्रयोग पर की जानकारी दी

# एसडीएम ने ली धार्मिक संगठनों की बैठक, ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर सख्ती

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

प्रदेश सरकार के नए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर जारी किए गए आदेश में धार्मिक स्थल और अन्य स्थानों पर ध्वनि विस्तारक यंत्रों, लाउडस्पीकर, डीजे के बेकाबू और नियम विरूद्ध प्रयोग पर नियंत्रण और कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया है।

इसी के तहत शनिवार को प्रशासन और पुलिस विभाग की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि और धर्मगुरू शामिल हुए। इसमें धार्मिक संगठन के प्रतिनिधियों के अलावा प्रशासनिक अधिकारी, एसडीएम राहुल



नायक और सीएसपी अंजुल अयंक मिश्रा मौजूद थे।

बैठक में एसडीएम राहुल नायक ने धार्मिक प्रतिनिधियों को सर्वोच्च न्यायालय और एनजीटी के ध्वनि प्रदूषण को लेकर जारी दिशा-निर्देश और शासन के आदेशों से अवगत कराया। एसडीएम ने बताया कि ध्वनि प्रदूषण नियम के संशोधित नियम की नियमावली के तहत औद्योगिक, वाणिज्यिक, रिहायशी और शांत क्षेत्र में दिन और रात के समय अधिकतम ध्वनि की तीव्रता को निर्धारित किया गया है। जिसे ध्यान में रखते हुए इन क्षेत्रों में इसका अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।

जिसका पालन सभी धार्मिक संगठनों और प्रतिनिधियों को करना है। नियम के पालन को लेकर उड़न दस्ते का भी गठन किया गया है। जिसमें प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों को शामिल किया गया है। जो शासन के ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग पर नजर रखेंगे। बैठक में सभी धार्मिक संगठन के प्रतिनिधियों को समय दिया गया है, ताकि वह अपने धार्मिक स्थल से ध्वनि विस्तारक यंत्रों का नियमानुसार प्रयोग करें और जो नियम विरूद्ध है, उसे बंद कर दे।

एसडीएम राहुल नायक ने बताया कि शासन के 13 दिसंबर को दिए गए आदेश के परिपालन में धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों और धर्म गुरूओं की बैठक में आदेश के बारे में सभी को अवगत कराया गया है। शासन के आदेश के परिपालन के लिए उड़न दस्ते दल का भी गठन किया गया है। जो ध्वनि विस्तारक यंत्र के नियमों का पालन सुनिश्चित कराएंगे। नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम नायक ने बताया कि इसके अलावा धार्मिक आयोजन और समारोह को लेकर भी सक्षम स्तर पर अनुमति लेना जरूरी है, जिसकी पृथक से अनुमति प्रदान की जाएगी।

## राइस मिल में सत्यापन और चैक पोस्ट की निगरानी जैसे कार्यों में जुटा अमला

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** इन दिनों जिला प्रशासन द्वारा समर्थन मूल्य पर उपार्जन कार्यो को लेकर संजीदगी से कार्य किये जा रहे है। कलेक्टर ड़ॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा लगातार समीक्षा बैठकों में दिए गए निर्देशों का असर फील्ड में भी दिखाई देने लगा है। राजस्व



अधिकारियों के अलावा सम्बंधित विभागों का अमला खरीदी केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लेकर व्यवस्थाएं दुरुस्त करने में सक्रिय है। मंगलवार को कटंगी अनुभाग अंतर्गत सावंगी, नांदलेसरा, टेकारी, बोथवा, चिकमारा, मानेगांव, कटंगी केंद्रों में धान खरीदी कार्य तहसीलदार छवि पंत की निगरानी में प्रारम्भ कराया गया। वही उपार्जन के लिए दिए अन्य निर्देशों के पालन संलग्न है। कई खरीदी केंद्रों पर बड़ी संख्या में किसानों व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में श्रीगणेश किया गया। वारासिवनी एसडीएम कामिनी ठाकुर ने अश्विन राइस मिल खैरलांजी में धान का भौतिक सत्यापन जैसी गतिविधियों के द्वारा निरीक्षण किया। वही तहसीलदार वंदना कुशराम ने धान के एफएक्यू की जानकारी प्राप्त करते हुए निरीक्षण किया। इस तरह राजस्व विभाग सहित कई विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपार्जन कार्यो की निगरानी में सक्रिय है।

## चलेगा विशेष अभियान कलेक्टर ने जारी किए प्रतिबंधात्मक आदेश

# अब नहीं होगा खुले में मांस व मछली विक्रय के लायसेंस शर्तों का उल्लंघन

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

जिले की समस्त नगरीय निकायों में कही भी खुले में पशु मांस व मछली का विक्रय और प्रदर्शन खुले में नही किया जाएगा। इसके लिए कलेक्टर ड़ॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने मप्र नपा नियम अधिनियम-1956 की धारा 253, 254 और 255 तथा मप्र नपा अधिनियम-1961 की धारा 268 व 269 तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए है। जिसके अनुसार समस्त नगरीय निकायों में अनुज्ञप्ति अथवा लायसेंस शर्तो उल्लंघन को बर्दाश्त नही किया जाएगा। इसके लिए नगरीय निकायों द्वारा मुनादी करवाई जा रही है। बताया जा रहा है कि खुले में मांस व मछली का विक्रय नही किया जाए तथा उनका प्रदर्शन भी नही हो। इसके लिए विक्रयकर्ता को दुकानों के सामने अपारदर्शी कांच लगाया जाएं 31 दिसम्बर तक विशेष अभियान भी संचालित किया जाएगा। इस अभियान में अतिक्रमण विरोधी दस्ते के अलावा स्थानीय पुलिस प्रशासन और पशु चिकित्सा द्वारा निगरानी और प्रतिबंधात्मक कार्यवाहिया की जाएगी।

### धर्मगुरुओं के साथ कंट्रोल में हुई बैठक

गत दिनों मप्र शासन के गृह विभाग द्वारा धार्मिक स्थलों एवं अन्य स्थानों पर ध्वनि विस्तारक यंत्रों के अनियंत्रित एवं नियम विरुद्ध प्रयोग के संबंध में जारी किए गए आदेश के पालन मके बैठक हुई। शनिवार को हुई बैठक में अनुभाग बालाघाट के संबंधित धर्म गुरुओं को शासन के आदेश के संबंध में अवगत कराया गया एवं निर्देशो के पालन में आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक सीएसपी श्री अंजुल मिश्रा द्वारा ली गई, जिसमें सम्बंधित थाना प्रभारी और धर्मगुरु मौजूद रहे।

## लांजी, परसवाड़ा, बैहर और कटंगी जनपदों के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 4 गाड़ियां हुई रवाना

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का हुआ शुभारम्भ

### रविवार से 26 जनवरी तक विकसित भारत संकल्प यात्रा से पात्र होंगे लाभान्वित

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शनिवार को जिला मुख्यालय से 4 रथों को 4 जनपदों के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया है। ये चारों रथ केंद्र शासन द्वारा संचालित योजनाओं का ना सिर्फ प्रचार-प्रसार करेंगे बल्कि इनके साथ चलने वाले विभागों के अधिकारी मोदी की गारण्टी में शामिल योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया जाएगा। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ श्री डीएस रणदा ने कार्यक्रम की रूपरेखा और विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्यों के बारे में संबोधित किया। भारत शासन द्वारा बनवाये गए विशेष रथों को तो



कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि कटंगी विधायक श्री गौरव पारधी जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सम्राट सिंह सरस्वार, नपा अध्यक्ष श्रीमती भारती ठाकुर सहित भूतपूर्व केबिनेट मंत्री के प्रतिनिधि मौसम हरिनखेड़े,पूर्व विधायक श्री प्रदीप जायसवाल व जिला पंचायत सीईओ श्री डीएस रणदा और अन्य जनप्रतिनिधियों ने मोदी की गारंटी वाले विकसित भारत संकल्प यात्रा के रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये रथ रविवार से बैहर, परसवाड़ा,कटंगी और लांजी के ग्रामीण क्षेत्रों में घूमेंगे। कार्यक्रम के दौरान एडीएम श्री ओपी सनोडिया, एसडीएम श्री राहुल नायक व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**केंद्र शासन की शहरी विकास आधारित योजनाओं के हितग्राहियों से पीएम ने किया संवाद:** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार से देश के पांच राज्यो में प्रारम्भ हुई इस योजना के कार्यक्रमों को वर्चुअली रूप से जुड़कर शहरी विकास से जुड़े हितग्राहियों से संवाद किया। उन्होंने सबसे पहले मुम्बई में कांदिवली की मेघना गौरव से संवाद करते हुए सफलता की कहानी उन्ही के जुबानी सुनी। जिसका प्रसारण बालाघाट में सिविल लाइन पर आयोजित हुए कार्यक्रम के दौरान प्रसारित हुआ। कांदिवली की मेघना ने अपने जीवन में 3 बच्चों की परवरिश में केंद्र शासन की मुद्रा योजना सहित पीएम स्वनिधि और शिक्षा आधारित योजना के उल्लेखनीय योगदान के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि वो कभी फुटपाथ पर खाना बनाने का काम करती थी। अब केंद्र शासन की मुद्रा योजना से लोन मिलने के बाद खुद का कैटरिंग का व्यवसाय कर रही है। इसी तरह गोवाहाटी की कल्याणी, कोजीकोट केरल के धर्मराज, शिमला हिमाचल प्रदेश की सुशाला देवी और लखनऊ उप्र के अनिल ने केंद्र शासन का लाभ लेकर जीवन स्तर में सुधार करना बताया। संवाद के दौरान पीएम श्री मोदी ने रथों को वर्चुअली मप्र, राजस्थान, छत्तीसगढ़, मिजोरम और तेलंगाना राज्य में योजना के रथों को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि मोदी की गारण्टी वाले ये रथ 26 जनवरी तक ग्रामीण क्षेत्रों के पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित भी करेंगे। देश के कोने-कोने में हितग्राहियों को लाभ देकर विकास करना ही विकसित भारत संकल्प यात्रा का लक्ष्य है।

**सिलाई का काम छोड़कर अचार बनाने का काम हाथों में लेकर 15 हजार तक कि आमदनी करने लगा समूह:** कार्यक्रम स्थल पर आजीविका समूह की महिलाओं द्वारा अपने-अपने उत्पादों की प्रदर्शनी भी आयोजित की गई थी। प्रदर्शनी के दौरान कई उपस्थितों ने गणेश आजीविका समूह से आम के आचार तो किसी ने अन्य समूह से चूड़ियां, गुड़,चप्पलें, अगरबत्ती और अन्य उत्पाद खरीदे। गणेश स्व सहायता समूह की अनुसूया पटले ने बताया कि तीन वर्ष पूर्व वो सिलाई करती थी। लेकिन खास आमदनी नही होती थी। लेकिन महिलाओं ने समूह बनाया और उसके बाद हमने अचार बनाने का काम किया। आज कई प्रतिष्ठानों से अचार के ऑर्डर भी आते है। साथ ही करीब 4 क्विंटल के आम का अचार बनाते है। आम के अचार के अलावा 6 तरह के अचार बनाकर 15 हजार रुपये प्रति माह तक का लाभ ले रही है। कार्यक्रम स्थल पर अन्य विभागों जैसे- कृषि, मत्स्य, स्वास्थ्य, महिला एवं बालविकास, पशुपालन, और उद्योग विभाग द्वारा स्टॉल लगाए गए।

## मध्यप्रदेश फुटबॉल लीग प्रतियोगिताः लेग सिटी भोपाल ने पुलिस ब्यावज बालाघाट दर्ज की एकतरफा जीत



**बालाघाट।** जिले में 10 दिसंबर से मुलना मैदान के ग्रास फील्ड में खेली जा रही मध्यप्रदेश फुटबॉल लीग प्रतियोगिता के सातवें दिन 15 दिसंबर को सातवां मैच लेग सिटी भोपाल बनाम पुलिस ब्यावज बालाघाट के बीच खेला गया। इस मैच में बतौर अतिथि रिटायर्ड आयकर अधिकारी सुभाष गुप्ता उपस्थित थे। दोपहर 02 बजे से खेला गया मैच एकतरफा रहा और लेग सिटी भोपाल ने 5-0 से पुलिस ब्यावज बालाघाट को पराजित कर दिया और लीग टेबल में 03 अंक हासिल किए। मैच में तरूण चक्रवर्ती ने सेंटर रेफरी और आयुष शर्मा एवं कपिल पांद्रे ने सहायक रैफरी की भूमिका निभाई।17 दिसंबर को प्रतियोगिता का आठवां मैच दोपहर 02 बजे से मदन महाराज एफसी भोपाल बनाम द डायमंड रॉक फुटबॉल अकादमी बालाघाट के बीच खेला जाएगा। गौरतलब हो कि जिले में मध्यप्रदेश फुटबॉल संघ और जिला फुटबॉल संघ के सहयोग से मध्यप्रदेश फुटबॉल प्रीमियर लीग का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रदेश की 06 टीमें हिस्सा ले रही है, जिनके बीच लीग के 30 और सुपर-04 के 06 मैच खेले जाएंगे। जिसमें बालाघाट की पुलिस ब्यावज एवं डायमंड रॉक फुटबॉल एकेडमी के अलावा बुरहानपुर की ब्रम्हपुर एफसी, भोपाल की लेक सिटी एवं मदन महाराज भोपाल और बड़वानी की बड़वानी एफसी टीम मैच खेल रही है।

## आरडीसी परेड में प्रदेश का करेंगी प्रतिनिधित्व, महाविद्यालय सहित गर्व कर रहा जिला

**बालाघाट।** अपनी प्रतिभा,अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का उत्तम उदाहरण प्रस्तुत करते हुए प्रदेश के 40 स्वयंसेवकों में प्रथम स्थान प्राप्त कर बालाघाट जिले की प्रथम स्वयंसेविका के रूप में श्रद्धा नगपुरे, जिले की प्रथम बालिका स्वयंसेवक के रूप में दिल्ली के कर्तव्यपथ पर आयोजित गणतंत्र दिवस में होने वाली आरडीसी परेड में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। जिले के अग्रणी जटाशंकर त्रिवेदी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की एनएसएस बालिका स्वयंसेवक के रूप में इनका चयन किया गया है। जिससे ना केवल महाविद्यालय, परिवार,बल्कि पूरा जिला



बिटिया श्रद्धा पर गर्व कर रहा है।

शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की स्वयंसेविका श्रद्धा नगपुरे, ने अपनी लगातार लगनशीलता से महाविद्यालय, विश्वविद्यालय में उच्च प्रदर्शन किया। जिसके चलते देव संस्कृति विश्वविद्यालय उत्तराखंड में प्री-रिपब्लिक डे परेड में श्रद्धा का चयन किया गया। 40 स्वयंसेवको की प्री-रिपब्लिक डे परेड में प्रथम स्थान पाने पर श्रद्धा का चयन किया गया है। उत्कृष्ट प्रदर्शन और अपनी मेहनत से आज कर्तव्य पथ तक की यात्रा पूरी

## सीसीएफ उडऩदस्ते की कार्यवाही,माईनिंग को सौंपा प्रकरण

# राजस्व क्षेत्र में अवैध उत्खनन, जेसीबी सहित 2 डंपर जब्त

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।**

अवैध उत्खनन के लिए राजधानी भोपाल तक चर्चित हो चुके बालाघाट जिले में अवैध उत्खनन थमने का नाम नहीं ले रहा है। खनिज विभाग की मेहरबानी से इस कारोबार में लगे लोग जमकर



चांदी काट रहे है और जिम्मेदार कार्यवाही के नाम पर रस्म अदायगी के रूप में 2 से 4 प्रकरण बनाकर अपने कर्तव्यों की इति श्री कर रहे है। यही वजह है कि जिले में अवैध उत्खनन जोरो पर है।

अवैध उत्खनन के मामले में वारासिवनी भी अब धीरे धीरे अव्वल होते जा रहा है। वन विभाग के सीसीएफ उडऩदस्ते ने कार्यवाही करते हुए वारासिवनी वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम थानेगांव सिहराटोला के पास से एक जेसीबी मशीन और 2 खाली डंपरों को जब्त किया है। जिन्हें सुरक्षार्थ वन परिक्षेत्र कार्यालय वारासिवनी में खड़े करवाया गया है। बताया जा रहा है कि उक्त जेसीबी मशीन से वन क्षेत्र से महज कुछ ही दूरी पर राजस्व क्षेत्र में मुरूम उत्खनन किया जा रहा था।

**सीसीएफ उडऩदस्ते की कार्यवाही, माईनिंग को सौंपा प्रकरणः** मामले की जानकारी देते हुए उडऩदस्ता प्रभारी व रेंजर धर्मेंद्र बिसेन ने बताया कि किसी व्यक्ति द्वारा शिकायत प्राप्त हुई थी कि कुछ लोग जेसीबी मशीन से थानेगाँव से सिहराटोला के पास जंगल में अवैध रूप से मुरूम उत्खनन कर रहे है और डंपरों से उसका परिवहन करने की तैयारी में है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए तत्काल सहायक उडऩदस्ता प्रभारी शिशुपाल गणवीर के नेतृत्व में टीम को मौके पर भेजा गया। जहॉं वन क्षेत्र से लगभग 50 मीटर दूरी पर स्थित राजस्व क्षेत्र से मुरूम उत्खनन किया गया था। इस दौरान एक बिना नंबर की जेसीबी मशीन और 2 डंपर एम एच 49 ए टी 5801 व एम पी 50 एच 1385 जो कि खाली थे, जब्त किए गए, जिन्हें वन परिक्षेत्र कार्यालय के सुपुर्द किया गया हैं। वही राजस्व क्षेत्र में अवैध उत्खनन का मामला होने के चलते अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रकरण माईनिंग खनिज विभाग को सौंप दिया गया है।

**वारासिवनी क्षेत्र में भी चल रहा मुरुम मिट्टी का अवैध उत्खननः** गौरतलब है कि वारासिवनी क्षेत्र में रेत के बाद अब मुरूम मिट्टी का अवैध उत्खनन जोरों पर चल रहा है। यहां से लगे ग्रामीण इलाकों में खनन माफिया धड़ल्ले से सरकारी भूमि से मुरूम मिट्टी आदि का उत्खनन कर लाखों रूपए की अवैध कमाई कर रहे है। जिन पर कार्यवाही करने के लिए प्रशासन को शिकायत का इंतजार रहता है और जब तक शिकायत होती हैं, खनन माफिया यहाँ उत्खनन कर दूसरे सुरक्षित क्षेत्र को ढूंढकर वहॉं खनन में लग जाता है। इतना ही नहीं वारासिवनी मुख्यालय में भी अवैध उत्खनन पूरे शबाब पर है। जहॉं खाली प्लॉट व कॉलोनियों में मुरूम के ढेर लग रहे है। राजस्व अमले को इसकी भनक भी नहीं है।

### इनका कहना है

वारासिवनी वन परिक्षेत्र में अवैध उत्खनन की शिकाय पर एक जेसीबी मशीन व 2 डंपर जब्त किए गए थे। वन क्षेत्र से कुछ दूरी पर राजस्व क्षेत्र में अवैध उत्खनन पाए जाने पर अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रकरण खनिज विभाग को सौंप दिया गया है।

**धर्मेंद्र बिसेन**
**प्रभारी उडऩदस्ता व रेंजर**
**बालाघाट**

## 15 दिसम्बर से बढ़कर अब 15 जनवरी तक सभी गाड़ियों में लगवाना अनिवार्य

# वाहनों पर हायसिक्योंरिटी नम्बर प्लेट लगाने के लिए अवधि में वृद्धि

### 15 जनवरी के बाद 2 पहियॉ वाहनों पर 500 रुपये, 4 पहियॉ वाहनों में 800 से 1000 रुपये की फीस

### *1 अप्रैल 2019 से पहले खरीदे वाहनों पर भी लगाना जरूरी*

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**




सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय को उच्च न्यायालय के निर्देशों के बाद हायसिक्योरिटी नम्बर प्लेट लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। इसमें 1 अप्रैल 2019 से पहले के जितने भी दो पहियॉ या चार पहियॉ वाहन है। यदि उनमें हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट नही लगी है तो 15 जनवरी दिसम्बर से पूर्व इस कार्य को प्राथमिकता देनी होगी। साथ ही इसके अलावा जो वाहन सड़कों पर बिना हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट के चल रहे है उन पर भी यह नियम लागू होगा। जिला परिवहन अधिकारी श्री अनिमेष गड़पाल ने बातया की पूर्व में यह अवधि 15 दिसम्बर निर्धारित की गई थी। लेकिन के बाद ऐसे वाहनों पर चालानी कार्यवाही भी की जायेगी। आरटीओ श्री गढपाले ने आगे जानकारी देते हुये बताया कि दो पहियॉ वाहनों में हाई सिक्यो रिटी लगवाने के लिये लगभग 500 रुपये और चार पहियॉ वाहनों के लिये 800 से 1000 रुपये की अनुमानित फीस देनी होगी। नई नम्बर प्लेट लगवाने के लिये वाहन कम्पनी के शोरूम पर जाकर ऑनलाईन www.bookmyhsrp.com पर आवेदन किये जा सकेंगे। शोरूम पर भी फीस ऑनलाईन जमा करनी होगी वहीं शोरूम संचालकों को फीस की रसीद आवश्यक रूप से देनी होगी।

**हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट के फायदेः** हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट (एचएसआरपी) नम्बर प्लेट आसानी से बदली जा सकती है जो एल्यूमिनीयम से बनी होगी। एचएसआरपी नम्बर प्लेट्स वाहन आसानी से ट्रेस किये जा सकेंगे। इससे संभावना है कि चोरी भी रूकेगी। इसमें ऊपर बाई ओर एक नीले रंग का होलोग्राम होता है जिसके नीचे एक यूनीक ब्रांडेड दस अंकीय स्थायी पहचान संख्या का पिन दिया जाता है। जिसे स्केन करने पर वाहन की पूरी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। पंजीयकृत अंको पर एक हॉट स्टेप फिल्म लगायी जाती है। नीले रंग में शार्ट में इंडिया लिखा होता है। परिवहन अधिकारी श्री गढ़पाले ने जानकारी देते हुये बताया कि जिस कम्पनी का वाहन है उस शोरूम पर एचएसआरपी प्लेट नम्बर लगेगी। इसके लिये निश्चित फीस ऑनलाईन जमा होगी। ऑनलाईन आवेदन करने के लिये पोर्टल पर वेबसाईट पर वाहन मालिक स्वयं भी आवेदन कर सकता है या जिस कम्पनी का वाहन है उसके डीलर के माध्यम से भी आवेदन किया जा सकता है।